प्रति,
श्रीमान प्राचार्य महोदय
शा॰ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दतिया, जिला . दतिया (म.प्र.)

विषय: महाविद्यालय में पूर्व गठित एवं कार्यरत सत्यापन समितियों से सत्यापन कार्य कराये जाने हेतु निवेदनार्थ।

संदर्भ:- आपके कार्या. पत्र क्र. क्यू /4/ 2020 दिनांक 30.4.2020

महोदय,

विषयान्तर्गत, संदर्भित पत्र / आदेश को निरस्त करने की कृपा कर, महाविद्यालय में कार्यरत सत्यापन समितियों के संयोजक / सदस्यों को सत्यापन कार्य करने के लिये निर्देशित करने की कृपा करने के हेतु निवेदन हेतु बिन्दुवार निम्नानुसार है :-

1 . कोरोना वायरस पर आधारित विश्वव्यापी संक्रमित महामारी के फैलने के कारण मानव जीवन संकट में है इससे बचाव हेतु जारी निर्देशों के अनुसार solid distance के तहत घर में रहना है.

2 - संस्था स्तर पर पूर्व से ही सत्यापन कार्य समितियाँ कार्यरत हैं जिन्हें योजना की पात्रता संबंधी समस्त नियमों - निर्देशों की जानकारी है अतः पूर्व गठित / कार्यरत समितियों से सत्यापन कार्य कराया जाना उचित एवं विवेकपूर्ण रहेगा।

3 . छात्रवृत्ति भुगतान एक वित्तीय मामला है इसमें पारदर्शिता तथा ईमानदारी होना जरूरी है। अतः लंबित आवेदन पत्रों का परीक्षण पूर्व कार्यरत समितियों से कराया जाना उचित होगा ताकि छात्रवृत्ति घोटाला एवं वित्तीय अनियमितता जैसी अप्रिय स्थितियाँ निर्मित न हो सकें।

4 . सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लंबित आवेदन 300 से अधिक हैं इसलिये समय सीमा, कार्यपरिस्थिति को देखते हुऐ समस्त कार्यरत सत्यापन समितियाँ टीम भावना के साथ छात्र एवं संस्था हित में कार्य करें तो यह प्रवृत्ति उचित होगा।

5 . लंबित आवेदन पत्रों को स्वच्छ एवं संक्रमण मुक्त करने के लिये सेनेटाइजर, ग्लब्स, मास्क इत्यादि उपलब्ध कराने की कृपा करें।

6 - कार्यस्थल पर उपस्थित होने के लिये प्रशासनिक अनुमति प्रदान करने की कृपा करें ताकि धारा 144, 188, F.I.R. मारपीट जैसी अप्रिय स्थितियों / कार्यवाहियों से बचा जा सके।

7. अतः निवेदन है कि तिथिवार समय सारिणी कार्ययोजना बनाने की कृपा करें ताकि छात्रहित में सत्यापन कार्य समयसीमा

Scanned with CamScanner

में अविलम्ब सम्पादित किया जासके तथा कार्य का प्रमाणीकरण किया जा सके।

विन्दुवार 01 से लगायत 7 तक श्रीमान के समक्ष क्रियार्थ, आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है, ताकि जरूरतमंद, छात्र / छात्राओं को शीघ्र भुगतान किया जासके।

सादर।

— भवदीय —

दिनांक 30.5.2020

स्थान - दतिया (म.प्र.)

डॉ. जयश्री त्रिवेदी - संयोजक

प्रो. संजय श्रीवास्तव - सदस्य

डॉ के. सिंह [illegible] सदस्य

डॉ डी.पी. अहिरवार - सदस्य

Scanned with CamScanner